an>

Title: Need to strengthen the Bureau of Police Research and Development.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): उपाध्यक्ष महोदय, देश में कानून-व्यवस्था को सही तरह लागू करने की जिम्मेदारी खास तौर से पुलिस विभाग पर होती है। इसलिए सरकार ने पुलिस के विकास और उत्थान के लिए ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डैवलपमैंट की स्थापना की थी जिसका मुख्य काम समय-समय पर जरूरी अनुसंधान करवाना और पुलिस के उत्थान के लिए कार्य करना है। लेकिन देखने में आ रहा है कि विशेष रूप से राष्ट्रीय सहारा जैसे समाचार पत्र में विगत तीन दिनों से मुख पृष्ठ पर तथ्यों सहित दिखाया जा रहा है कि रिसर्च एंड डैवलपमैंट के नाम पर चलाई जा रही परियोजनाओं के नाम पर अधिकारियों द्वारा अपने ही लोगों का भरण-पोषण करने का काम किया जा रहा है, अपने लोगों को खुश करने का कार्य किया जा रहा है। हमारी आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग है कि रिसर्च कार्यों को अपने हित के लिए इस्तेमाल करने से न केवल पुलिस विभाग का नुकसान हो रहा है बल्कि राजस्व को भी चूना लगाया जा रहा है। अत: मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह इस तरफ ध्यान दे और रिसर्च एंड डैवलपमैंट जैसे पुलिस विभाग के अनुसंधान केन्द्र को सशक्त करे।

HON. DEPUTY SPEAKER: S/ Shri P.P. Chaudhary, Bhairon Prasad Mishra, and Keshav Prasad Maurya, are permitted to associate with the issue raised by Shri Sharad Tripathi.